दिनांक : 27.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारिया को दिए निर्देश, बारिश से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए।
- रेल मंत्री ने दी सौगात, ग्वालियर से बेंगलोर के बीच नई ट्रेन सेवा शुरू।
- औद्योगिक विकास और रोजगार पर केन्द्रीत कॉन्क्लेव आज रतलाम में।
- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश, समय सीमा में किया जाए पदोन्नति का कार्य।

वर्षाकाल-मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्षाकाल से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जाए। किसानों के लिए खाद और बीज की समुचित व्यवस्था रहे। नए शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों ,क्लेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दो माह के प्रमुख त्यौहारों पर धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशील और सजग होकर दायित्व पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षाकाल में नाले और नालियां समस्या बन रहे हों तो तत्परतापूर्वक समाधान का कार्य किया जाए। बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में मुनादी, वाट्सएप, दूरभाष आदि का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना पहुंचाई जाए।

ग्वालियर-बैंगलोर ट्रेन-वैष्णव

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल के लिये ग्वालियर से बैंगलोर चलने वाली ट्रेन बड़ी सौगात है। इस ट्रेन के शुरू होने से ग्वालियर-चंबल संभाग के ऐसे युवा जो आईटी के क्षेत्र में अध्ययन कर रहे हैं उन्हें सीधे बैंगलोर पहुँचने की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। श्री

वैष्णव ने कल नई ट्रेन का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश के 80 से अधिक रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार और फ्लाईओवर निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि ग्वालियर से आगरा के मध्य भी पैसेंजर ट्रेन संचालित करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उज्जैन में सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को उज्जैन तक पहुँचाने के लिये भी रेल मंत्रालय सार्थक प्रयास करेगा।

बाइट-वैष्णव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर जबलपुर से अपने वर्चुअली संबोधन में कहा है कि ग्वालियर-चंबल अंचल को एक बड़ी ट्रेन सुविधा उपलब्ध हुई है। ग्वालियर में आयोजित मुख्य समारोह में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्रेप को रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।

निर्वाचन आयोग-डिलिस्टिंग

निर्वाचन आयोग ने आवश्यक शर्तें पूरी नहीं करने पर 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्ष 2019 से लोकसभा, विधानसभा और केन्द्र शासित प्रदेश के चुनाव या उप-चुनाव नहीं लड़ने वाले दलों को सूची से हटाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।

आरबीआई-आईटी सेक्टर वृद्धि

भारतीय रिजर्व बैंक- आरबीआई ने वर्ष 2024-25 के लिए सूचीबद्ध गैर-सरकारी वित्तीय कंपनियों की वार्षिक प्रदर्शन रिपोर्ट जारी की है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आईटी कंपनियों की बिक्री पिछले वर्ष के 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गई।

आरबीआई के अनुसार 2024-25 में विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री में पिछले वर्ष के 3.5 प्रतिशत की तुलना में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। विनिर्माण कंपनियों की बिक्री बढ़ाने में वाहन, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, खाद्य और पेय पदार्थ तथा फार्मास्युटिकल्स उद्योग का प्रमुख योगदान रहा।

राजभाषा-स्वर्ण जयंती-शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की सहचरी है और इसे उनकी प्रतिद्वंद्वी नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। नई दिल्ली में राजभाषा विभाग की स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने भाषाओं को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा में काम करना चाहिए।

कॉन्क्लेव-रतलाम

औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को समर्पित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन आज रतलाम में होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका उद्घाटन करेंगे।

डॉ. यादव इस अवसर पर रीवा, सागर, अलीराजपुर और पीथमपुर में रोजगारमूलक औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर और उद्योगपतियों को भूमि आवंटन और निवेश परियोजनाओं के लिए आशय पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री चयनित जिलों के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन बैंकों को सम्मानित भी करेंगे।

पदोन्नति निर्देश- मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि पदोन्नति कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। यह प्रयास किया जाये कि 31 जुलाई 2025 तक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नत किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप कर्मचारी-कल्याण को प्रमुखता से लें। मुख्य सचिव श्री जैन ने गुरूवार को मंत्रालय में लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 के परिचर्चा के दौरान यह निर्देश विभाग प्रमुखों को दिये।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि 9 साल की बड़ी समस्या इस नियम के लागू होने से समाप्त हो सकेगी। नियमों को बनाने में वरिष्ठ सचिव समिति एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बहुत मेहनत एवं गहन चर्चा की। नियमों के लागू होने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी।

आधार प्रमाणीकरण

सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की परीक्षाओं में उम्मीदवारों के अधिप्रमाणन के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग अधिकृत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इससे परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान उम्मीदवारों की पहचान की पुष्टि के लिए स्वैच्छिक रूप से आधार प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकता है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से परीक्षा के दौरान अनुचित गतिविधियों पर रोक लगेगी और भर्ती पक्रिया में भरोसा मज़बूत होगा।

हॉकी

महिला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप टूर्नामेंट के फाइनल में आज ओडिशा का सामना पंजाब से होगा। कल चेन्नई में पहले सेमीफाइनल में हॉकी एसोसियेशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को चार-एक से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब ने हॉकी हरियाणा को तीन-दो से मात दी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दोपहर दो बजे से शुरु होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- रतलाम जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय भवन के भूमिपूजन में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा उपस्थित रहेगे।
- नर्मदापुरम में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आईटीआई ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने सतना के कोतवाली थाना के टीआई रावेंद्र द्विवेदी को कोर्ट के नोटिस तामील न कराने पर एक साल में एक हजार फलदार पौधे लगाने देखभाल की सजा सुनाई है
- आगरमालवा जिले में कल आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई व दो लोग घायल हो गए।
- मंदसौर जिले में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 6 करोड़ 75 लाख 22 हजार से नव निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन लसुड़िया राठौर का लोकार्पण किया।
- डिंडौरी जिले में "नशामुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत 1 से 26 जून तक चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान का समापन उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में विविध कार्यक्रमों के साथ हुआ।

-------